**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)......1935

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह**, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी**,
बिहार (अरवल एवं शेखपुरा को छोड़कर)।

पटना, दिनांक 29/04/2025

विषय:– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण के शेष राजस्व ग्रामों एवं द्वितीय चरण के राजस्व ग्रामों में त्रिसीमाना का निधार्रण एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्य–योजना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण के शेष राजस्व ग्रामों एवं द्वितीय चरण के राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण कार्यो की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की गयी। समीक्षा उपरान्त प्राप्त निदेश के अनुपालन में निदेशालय Whatsapp Group के माध्यम से प्रत्येक अंचल में त्रिसीमाना का निधार्रण एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु अंचलवार कार्य–योजना दिनांक–22.04.2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, परन्तु अबतक किसी भी जिले से वांछित प्रतिवेदन अप्राप्त है।

उक्त के संबंध में स्पष्ट करना है कि आपके जिलान्तर्गत प्रथम चरण के शेष राजस्व ग्रामों एवं द्वितीय चरण के राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण प्रारंभ राजस्व ग्रामों में त्रिसीमाना का निधार्रण एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारम्भ किये जाने के उद्देश्य से आसन्न राजस्व ग्रामवार कार्य–योजना (कैलेण्डर/तिथिवार) तैयार किया जाना आवश्यक है, इस कार्य हेतु हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्य–योजना एवं अमीनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए पूर्व संचालित 20 जिलों में प्रत्येक जिले के 100 राजस्व ग्रामों तथा द्वितीय चरण अन्तर्गत 18 जिलों में प्रत्येक जिले के 200 राजस्व ग्रामों में त्रिसीमाना का निधार्रण एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारंभ किया जाए। इस कार्य के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर पदस्थापित नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी–सह–कानूनगो के मध्य समानुपातिक रूप से अंचलों को आवंटित किया जाए। आसन्न राजस्व ग्रामवार कार्य–योजना (कैलेण्डर/तिथिवार) तैयार करने हेतु निम्न प्रपत्र में कार्य–योजना तैयार कर यथाशीघ्र निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए एवं कार्य–योजना में निर्धारित तिथि के अनुरूप ग्रामवार कार्य प्रारंभ किया जाए।

**किस्तवार प्रक्रम अन्तर्गत त्रिसीमाना का निर्धारण एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारम्भ करने संबंधी कार्यक्रम**

जिला का नाम– कुल अंचलों की संख्या– कुल राजस्व ग्राम–

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | वि0 स0 अमीन का नाम | संबद्ध किए गए कानूनगो/वि0स0सहा0बन्दो0पदा0 का नाम | हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी के कर्मी का नाम | सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | |
| | | 2 | | | | |
| | | 3 | | | | |

अतः अनुरोध है कि उक्त निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

29/4/25

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)**1935**पटना, दिनांक**29/04/2025

**प्रतिलिपि** :– सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/4/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)**1935**पटना, दिनांक**29/04/2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/4/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)**1935**पटना, दिनांक**29/04/2025

**प्रतिलिपि** :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd., GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/4/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)**1935**पटना, दिनांक**29/04/2025

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/4/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19/2021 (पार्ट)**1935**पटना, दिनांक**29/04/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/4/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप